बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

होशंगाबाद रोड, भोपाल – 462026

क्रमांक डी–108 /अ0छा0क0/सां.सम./2023 भोपाल दिनांक 17/07/23

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्व चिन्हित महाविद्यालय,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषयः–सत्र 2023–24 के युवा उत्सव के लिए जिला सांस्कृतिक समन्वयको के मनोनयन हेतु प्राध्यापक/ सहायक प्राध्यापकों के नामों का प्रस्ताव भेजवाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत आपको विदित है, कि म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्तरों पर युवा उत्सव का आयोजन करवाया जाता है। युवा उत्सव का आयोजन सफलता पूर्वक निष्पक्ष पूर्ण हो और उत्तम प्रतियोगियों का चयन किया जा सके, इसके लिए प्रत्येंक वर्ष जिला सांस्कृतिक समन्वयको का मनोनयन किया जाता है।

सत्र 2023–24 के युवा उत्सव हेतु जिला सांस्कृतिक समन्वयकों का मनोनयन किया जाना है, विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत युवा उत्सव जिला सांस्कृतिक समन्वयकों को रू0 500.00 (पॉच सौ रू0) प्रति माह की दर से 10 माह का मानदेय एवं रू0 3000.00 (तीन हजार रू0) आकस्मिक व्यय हेतु प्रदान किया जाता है।

अनुरोध है कि कृपया सत्र 2023–24 के लिए जिला सांस्कृतिक समन्वयकों के मनोनयन हेतु अपने महाविद्यालय/ जिले के अन्य महाविद्यालयों से किन्ही तीन ऐसे प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के नाम का प्रस्ताव शीघ्र भेजवाने का कष्ट करें, जो युवा उत्सव गतिविधियों में दक्षता एवं रूचि रखते हों।

आदेशानुसार

(डॉ0 आई0 के0 मंसूरी)
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ0क0 डी– 107 /अ0छा0क0/सां.सम /2023 भोपाल दिनांक 17/07/23
प्रतिलिपि–:

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, म0 प्र0 शासन, भोपाल–**नर्मदापुरम** संभाग की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कुलपति एवं कुलसचिव के निज सचिव के माध्यम से माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल की ओर सूचनार्थ एवं पत्र को वि0वि0 की वेवसाईट पर अपलोड करवाये जाने हेतु ।
5. नस्ती।

(प्रो0 पवन मिश्रा)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल